राज्यपाल सचिवालय
जनसम्पर्क प्रकोष्ठ

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री से कोरोना से बचाव के प्रयासों पर वार्ता की

# राज्यपाल ने कहा – लोग कर्त्तव्यों का पालन करें

जयपुर , 12 अप्रेल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि यह संकट का समय है। इस समय लोगों को अपने कर्त्तव्यों का पालन करना हैं। त्याग करना है, धीरज रखना है, संयम रखना है और लोगों की मदद करनी है। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा की घडी है। घबराये नहीं। केन्द्र और राज्य सरकार को प्रदेशवासियों की चिन्ता है। सरकार आवश्यक व्यवस्था और प्रबन्ध कर रही है। प्रदेशवासियों को अपने सहयोगात्मक रव्यैये के साथ कर्तव्यों का पालन करना है।

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत से दूरभाष पर प्रदेश में कोरोना से बचाव के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि प्रशासन और पुलिस के साथ चिकित्सा और स्वास्थ्यकर्मी मेहनत और निष्ठा से अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे है। प्रदेशवासियों को इन सभी का सहयोग करना चाहिए ताकि हम इस संकट के दौर से निकल सके और मानव जीवन फिर से नियमित तरीके पर आ सके।

राज्यपाल ने कहा कि बच्चों को पढाई के लिए प्रेरित करते रहें। रचनात्मक और सहयोग वाले कायों में प्रदेशवासी आगे आकर अपनी सक्रिय भूमिका निभाये। राज्यपाल ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि इस संकट के समय को हम आपसी समन्वय से निकाल लेगें।

## राज्यपाल की बैसाखी पर्व पर शुभकामनाएं

जयपुर, 12 अप्रेल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने प्रदेशवासियों को बैसाखी के पावन पर्व पर शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि यह पर्व समाज में प्रेम, सद्भावना और शांति का संदेश देता है। राज्यपाल ने कहा कि यह पर्व घर पर रह कर ही मनाना हैं। राज्यपाल ने कहा कि घर से बाहर ना निकले। यह समय कोरोना वैश्विक महामारी का हैं। हमारी अपनी सुरक्षा अपने हाथों में है। मास्क लगायें। सेनेटाइजर का उपयोग करें। साफ–सफाई का पूरा ध्यान रखें।

–––

**डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा**
**जनसम्पर्क अधिकारी, राज्यपाल**